एक नजर में

50 क्विंटल अवैध जलाऊ गुटखा जब्त—ड्राइवर फरार

देवास। वन मंडलाधिकारी देवास के निर्देशन में तथा उप वन मंडलाधिकारी देवास एवं वन परिक्षेत्राधिकारी राजेश चौहान के मार्गदर्शन में बीती रात वन विभाग की टीम ने इंदौर भोपाल हाइवे पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक आयशर वाहन में अवैध लकड़ी परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वन स्टाफ सोनकच्छ ने आयशर क्रमांक एमपी16 जीए 0370 को रोका। वाहन रुकते ही ड्राइवर कूदकर अंधेरे में फरार हो गया। जब वनकर्मियों ने वाहन की त्रिपाल हटाकर देखा तो लगभग 50 क्विंटल पंचमेल जलाऊ गुटखे भरे पाए गए। पहली नज़र में यह अवैध लकड़ी परिवहन पाया गया, जिसके बाद वन विभाग ने मौके पर ही वन अपराध प्रकरण दर्ज किया। इस पूरी कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक सोनकच्छ सुनील मालवीय, वनरक्षक रविन्द्र सोनी, प्रीतम सिंह बघेल, सतपाल सिंह सेंधव, सुनील रावत एवं रवि प्रकाश तिवारी सहित पूरे वन स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। वन विभाग द्वारा फरार ड्राइवर की तलाश जारी है। यह कार्रवाई अवैध परिवहन पर लगाम कसने के विभाग के लगातार प्रयासों का हिस्सा है।

जाट नगर अध्यक्ष ग्रामीण देवास नियुक्त

देवास। अखण्ड भारत हिन्दू राष्ट्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक सरिता राजपूत, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह , राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजुलता गुप्ता एवं मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक जाट की अनुशंसा पर धर्मेंद्र जाट को देवास ग्रामीण अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। इनकी नियुक्ति पर नन्द किशोर जाट, अजय कुशवाह, राकेश पटेल, रुपेश, विशाल कुशवाह, गणेश गुर्जर, रुपेश कुरावरे, मनोज शर्मा, परवेज भाई ने बधाई दी।

सृष्टि वर्मा ने तैराकी में किया शानदार प्रदर्शन

देवास। किंडर हायर सेकंडरी स्कूल, की प्रतिभाशाली तैराक सृष्टि वर्मा ने 7 से 11 नवम्बर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय एसजीईएफआई तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सृष्टि ने 50 मी.,100 मी.और 200मी. बटर फ्लाई में रजत पदक, तथा फ्रीस्टाइल और मेडले रिले में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर सृष्टि का चयन एसजीएफआई की अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय परिवार ने सृष्टि को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ

देवास। देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के निर्देशानुसार खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 का आयोजन देशभर में किया जा रहा है। इसी क्रम में देवास जिला भी शामिल है। 14 नवंबर को सुबह 10 बजे तुकोजीराव पवार खेल स्टेडियम पर बालिका अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार, कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुशवंशी खेल अधिकारी के .पी .कॉलेज, विशेष अतिथि विक्रम अवार्डी रागिनी चौहान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत जितेन्द्र गोस्वामी, सोनू विश्वकर्मा, आरती कुशवाह, बेबी सेन, मनीष सेन आदि ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत वर्ष में अस्मिता खेलो इंडिया लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को तैयार कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है। तुकोजीराव पवार स्टेडियम पर विभिन्न स्कूलों के 200 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पवन यादव, राजीव श्रीवास्तव, जावेद पठान, पप्पी मर्सकोले, खेल युवक कल्याण का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के .पी .कॉलेज प्राचार्य डॉ .एस .पी .एस. राणा, डॉ. संजय गाडगे एनसीसी कैप्टन, संग्राम साठे पूर्व क्रिड़ा अधिकारी, पवेल राजानी युवा उद्योगपति थे।

जूनियर राज्यस्तरीय आटिया पटिया चैंपियनशिप 15 एवं 16 को

देवास। जिला आटिया पाटिया एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि जूनियर राज्य स्तरीय आटिया पाटिया चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 15 एवं 16 नवंबर को सतपुड़ा एकेडमी में किया जाना है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिनन जिलों के लगभग 300 बालक बालिका भाग लेंगे। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम का चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिसम्बर माह में चंडीगढ़ में आयोजित होगी। आयोजन हेतु समिति का गठन किया गया है। जिसमें अनिल श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, पवन यादव, धर्मेन्द्र भदौरिया, आरती कुशवाह, सोनाली कुशवाह शामिल है। खिलाडियों की भोजन व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी।

भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी ने सरकार को किया सावधान

देवास। किसानों की भूमि को न्यूनतम कीमत में अधिग्रहण करने की सरकार की मानसिकता को लेकर परेशान जीवन मृत्यु की लड़ाई लड़ रहे है। सरकार द्वारा किसानों की उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में बहुत गहरा प्रभाव पड़ेगा। जमीन अधिग्रहण के लिए सरकार तेजी से प्रयास करने में लगी है। राजस्व और नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है। सरकार को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों से हाईवे प्रोजेक्ट को दूरस्थ क्षेत्रों से निकाला जावे फिर भी निरंतर सरकार अपनी मनमानी करते हुवे ग्रामीण किसानों की आजीविका को लेने के लिए प्रयास कर रही है। इस संघर्ष में नागौरा गांव के माखनलाल पटेल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एन एच ए आई एवं राजस्व विभाग के अधिकारी बीते कुछ दिनों से लगातार उनके खेत पर पहुंचकर किसान को धमका रहे थे। अपनी पुश्तैनी जमीन जाने की आशंका और लगातार प्रशासनिक दबाव के कारण माखनलाल मानसिक तनाव में आ गये और उन्हें दिल का दौरा पड़ गया उनके परिजनों का कहना है कि वो अब न्यायालय के शरण में जाएंगे।डॉक्टरों का कहना है अत्यधिक तनाव के कारण उनके दिल दिमाग पर गहरा असर पड़ा है। भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा सपना भरोसिया ने किसान परिवार से मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि उनके साथ न्याय होगा। भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सैनी ने किसान परिवारो की सुरक्षा के लिए सरकार से नीति सुधार की अपील की है। इन्दौर पूर्वी रिंग रोड निर्माण में 38 गांव के किसानों की जमीन अधिग्रहण की जानी है जबकि किसानों का कहना है यह जमीन का अधिग्रहण बचाया जा सकता है। सरकार के पास 161 किमी लम्बा एक वैकल्पिक प्लान मौजूद है फिर भी सरकार 145 किमी के सघन ग्रामीण क्षेत्रों का चुनाव कर रही है जिसमें बहुत अधिक मात्रा में 1200 ग्रामीण किसान परिवार की आजीविका पूरी तरह नष्ट हो जाएगी।

एमजी रोड चौड़ीकरण : चला निगम का बुलडोजर

जनता बैंक चौराहा से सुभाष चौक तक दर्जनों अतिक्रमण जमींदोज़

देवास। शहर के बहुप्रतीक्षित महात्मा गांधी मार्ग (एमजी रोड) के चौड़ीकरण और कायाकल्प कार्य को नगर निगम ने आखिरकार शुक्रवार से शुरू कर दिया। सुबह नगर निगम, पुलिस और प्रशासन का संयुक्त अमला जेसीबी, पॉकलेन और डंपर लेकर जनता बैंक चौराहा पहुंचा, जहां से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

पूर्व चेतावनी के बाद कुछ लोगों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था, जबकि चिन्हित अतिक्रमण न हटाने वालों पर निगम अमले ने कार्रवाई करते हुए कई स्थायी एवं अस्थायी निर्माण हटाए। पहले दिन जनता बैंक चौराहा से सुभाष चौक तक दोनों ओर दर्जनों अतिक्रमण ढहाए गए। इस दौरान कुछ बहुमंजिला भवनों के हिस्से और कुछ कच्चे मकानों पर भी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि सयाजी द्वार से जनता बैंक चौराहा तक एमजी रोड के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत 6 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित है। यह निर्माण लंबे समय से अटकलों में बना हुआ था। पिछले दो वर्षों में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस, फूल वितरण और चेतावनी जैसे कई प्रयास किए गए, लेकिन अधिकांश व्यापारियों व रहवासियों ने अतिक्रमण नहीं हटाए। 6 नवंबर को नगर निगम ने 5 दिन की अंतिम चेतावनी जारी की थी, जिसकी समयसीमा 11 नवंबर को समाप्त हुई। मुख्यमंत्री की 13 नवंबर की यात्रा के बाद निगम ने 14 नवंबर से कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया। इस बीच कुछ व्यापारियों द्वारा न्यायालय से स्थगनादेश (स्टे) प्राप्त किए जाने के कारण स्थिति असमंजस में रही, लेकिन निगम प्रशासन ने गुरुवार रात निर्णय लिया कि शुक्रवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी तथा स्टे प्राप्त व्यक्तियों को फिलहाल राहत दी जाएगी। निगम अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे एमजी रोड का चौड़ीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जा सके।

व्यापारियों और निवासियों ने किया विरोध

शुक्रवार को शुरू हुई कार्रवाई के दौरान कुछ व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने विरोध भी दर्ज कराया, किंतु पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम अमला नियमानुसार कार्यवाही करता रहा।

एसपी ने दो एसआई को सस्पेंड कर जांच शुरू की

जमानत के लिए लाखों रुपए कैश डील का आरोप

देवास। जिले में साइबर ठगी के 11 आरोपियों से थाने के अंदर लाखों रुपए कैश लेकर उन्हें थाने से ही जमानत देने के मामले में एसपी ने दो एसआई (सब इंस्पेक्टर) को सस्पेंड कर दिया। एसपी पुनीत गेहलोद ने कमलापुर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर और चापड़ा पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया के खिलाफ गुरुवार को ये कार्रवाई की। दोनों पर आरोप है कि इन्होंने आरोपियों से बड़ी रकम लेकर कार्रवाई से बचाने का प्रयास किया। इसके अलावा भी एक पुलिस अफसर शक के घेरे में हैं।

जांच के डर से छुट्टी पर गया एसआई

कमलापुर थाना प्रभारी और चापड़ा के चौकी प्रभारी को एसपी ने तीन दिन पहले लाइनअटैच किया था। थाना प्रभारी उपेन्द्र नाहर को कन्नौज थाने में भेजा गया था। लेकिन यहां विभागीय जांच के डर से वह थाने पर पहुंचा ही नहीं। इसके बाद सिक लीव लेकर चला गया। एसपी को जब जानकारी लगी तो उन्होंने दोनों को सस्पेंड करने के आदेश दिए। एसपी ने आगे की जांच का जिम्मा एएसपी कन्नौद सौम्या जैन को सौंपा है।

अफसरों को भी करते रहे गुमराह

इस मामले में विदिशा, इंदौर सहित अन्य जगहों से करीब 11 लड़कों को कमलापुर चौकी पर उपेंद्र नाहर लेकर आए थे। दूसरे दिन सभी लड़कों से थाने में कैश बुलवाया गया। पकड़े लड़कों के साथ कुछ वकील भी पहुंचे थे। लेनदेन के बाद जमानत दे दी। इस मामले में वरिष्ठ अफसरों को एसआई उपेंद्र गुमराह करते रहे। उन्हें साइबर ठगी को लेकर सही जानकारी भी नहीं दी। इस मामले में पीड़ित पक्ष को भी रुपए जब्त नहीं होने की बात करते हुए मामले में कोर्ट से कार्रवाई होने की बात का हवाला देकर रवाना किया गया। देवास में सोशल मीडिया पर सिवनी जैसे कांड को लेकर मैसेज वायरल हुआ, जिसमें लाखों रुपए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और दोनों एसआई द्वारा लिए जाने की बात कही गई। मामले को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की।

शांति बाल निकेतन में बाल मेले का आयोजन

देवास। बच्चों की मुस्कान में बसता है सारा जहां, बचपन है ऐसा खजाना, चाचा नेहरू के हम प्यारे बच्चे ही है देश की प्रगति का आधार। शा.बा.नि. में बाल दिवस आनंद मेले का आयोजन कर उत्साहपूर्वक बाल दिवस मनाया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक आनंद मेले का आनंद लिया। जिसमें शा.बा.नि. की शिक्षिकाओं ने फूड ज़ोन आलूबड़ा, समोसा, पेस्ट्री, नूडल्स, क्रम रोल, दहीबड़ा, भेल, पीनट चाट एवं गेम्स में मेमोरी टेस्ट, बैलेस्ट डेकोरेट, ड्राईंग, सिक्के जमाना आदि मनोरंजक खेल का आनंद लिया। इसी बीच संचालक एवं प्राचार्य ने सभी व्यंजनों का टेस्ट लेकर एवं फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले में बच्चे एवं अभिभावक, शिक्षक सभी का आनंद मेले में सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय संचालक राजेश गोयल ने सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाइयां दी एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया। अंत में प्राचार्य पल्लवी जाधव ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। आनंद मेले में बेस्ट डिश, बेस्ट स्टॉल एण्ड बेस्ट प्रॉफिट का पुरस्कार देकर आनंद मेले का समापन किया।

छज्जा गिरने से घर के बाहर बैठे रिटायर्ड डीएसपी की मलबे में दबने से मौत

देवास। शहर के विजयनगर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक ऐसा हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। यहां एक मकान का छज्जा गिरने से रिटायर्ड डीएसपी की दर्दनाक मौत हो गई। वे घर के बरामदे में बैठे थे, तभी यह हादसा हो गया। मकान लगभग 40 साल पुराना बताया जा रहा है। घटना के बाद कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे व निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार 82 वर्षीय सेवानिवृत्त डीएसपी हिम्मतसिंह राणा अपने घर के बाहर कुर्सी पर बैठकर अखबार पढ़ रहे थे। इस दौरान अचानक मकान का छज्जा भरभराकर उन पर गिरा और वे उसके नीचे दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस दल पहुंचा और मलबा हटाकर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ऋषुराज सिंह भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। परिजनों ने बताया कि राणा करीब 20 वर्ष पहले डीएसपी पद से रिटायर हुए थे। हाउसिंग बोर्ड के इस पुराने मकान में वे परिवार के साथ रहते थे। हादसे के समय उनकी पत्नी कमला, बेटी प्रीति और नातिन घर में मौजूद थीं। राणा बरामदे में शांति से अखबार पढ़ रहे थे, लेकिन इस दौरान छज्जा गिर गया। इसका मलबा बहुत अधिक था। स्थानीय निवासी दिग्विजय सिंह झाला ने बताया कि मकान पुराना जरूर था, पर उसकी स्थिति सामान्य थी। छज्जा क्यों गिरा, यह स्पष्ट नहीं है। छज्जा गिरने की सूचना लगते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्रित हो गए। पुलिस प्रशासन के साथ ही नगर निगम का अमला भी घटना स्थल पर पहुंचा। इधर कलेक्टर ऋषुराजसिंह ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मकान में छज्जा बाद में बनाया गया था। उसके नीचे पीलर भी नहीं रखी थी। छज्जा सड़ने के कारण यह टूटकर गिरा है। जिला प्रशासन परिवार के साथ है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया ने बताया कि मकान का छज्जा अचानक से गिरा है। यह क्यों गिरा इसकी जांच की जा रही है। इस घटना की जानकारी लगते ही महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह दुखद घटनाक्रम हुआ है। रिटायर्ड डीएसपी घर के बरामदे में छज्जे के नीचे बैठकर समाचार पत्र पढ़ रहे थे। यह हृदयविदारक घटना है। नगर निगम पुराने जर्जर मकान को तोड़ने के लिए नोटिस देती है, लेकिन यह मकान उस श्रेणी में नहीं था। मेरा शहरवासियों से यही कहना है कि हमारे घर-दुकान में कुछ जर्जर नजर आ रहा है तो उनकी मरम्मत करवाएं। निर्माण कार्य के दौरान विशेष ध्यान रखे।

परिषद भवन की घोषणा ठंडी पड़ी, एक करोड़ की सौगात पर उठे सवाल

विवाद शांत हुआ, पर योजनाओं को लेकर नगर में अभी भी चर्चाएं जारी

लोहारदा। नगर परिषद भवन के निर्माण को लेकर कुछ समय पूर्व जो विवाद सामने आया था, उसके बाद यह मामला धीरे-धीरे शांत हो गया है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री से एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाने का दावा किए जाने के बाद नगर में विकास की उम्मीदें बंधी थीं, पर वर्तमान में नगर में इस विषय पर कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि जिस स्थान पर भवन निर्माण की चर्चा थी, वह भूमि अध्यक्ष प्रतिनिधि की निजी संपत्ति बताई जाती है। उस समय क्षेत्र में यह बात चर्चा में रही कि प्रस्तावित स्थान को लेकर कुछ नागरिकों ने आपत्तियां जताई थीं। कई नागरिकों का मत है कि विरोध के बाद जब भवन निर्माण के लिए किसी अन्य स्थान की चर्चा शुरू हुई, तो यह विषय धीरे-धीरे सार्वजनिक संवाद से बाहर होता गया। नगर में यह भी चर्चा है कि प्रस्तावित भूमि को लेकर विवाद सामने आने के बाद योजना आगे नहीं बढ़ सकी।नगर के कुछ लोगों का कहना है कि यदि एक करोड़ रुपये की राशि वास्तव में स्वीकृत हुई थी, तो उसकी आधिकारिक स्थिति और निर्माण कार्य की शुरुआत को लेकर अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बावजूद भवन के नए स्थान पर स्पष्टता न होना भी नागरिकों के बीच सवाल का विषय बना हुआ है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि विकास से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता आवश्यक होती है ताकि जनता का भरोसा मजबूत रहे। फिलहाल नगर में यह चर्चा चल रही है कि परिषद भवन की योजना पर वास्तविक कार्य कब शुरू होगा और निर्माण स्थल को लेकर अंतिम निर्णय क्या होगा।

डेढ किमी खस्ता सड़क पर एसडीएम को आया तरस

कन्नौद। कन्नौद बस स्टैंड से दशहरा मैदान तक कुल दुरी 1.5 की दुर्दशा पर आखिर एसडीएम को तरस आया और लिखित कार्रवाई को अंजाम दे दिया। एस डी एम कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार बस स्टैंड से दशहरा मैदान तक की जानलेवा सड़क जिससे उड़ती धूल और टुटते वाहनों के पार्ट्स के हालात को अखबार और कुछ मार्ग के व्यापारी का नाम लेकर नेशनल हाईवे और ठेकेदार को एक नोटिस जारी करते हुए तत्काल आगामी 29/11/2025 को अपने न्यायालय में उपस्थित रहकर जबाब देने के साथ बीस लाख रुपए का अर्थ दंड करने की बात लिखी गई है। यह खराब सड़क अनुविभागीय अधिकारी के दफ्तर और निवास के सामने से गुजरती है। एस डी एम को भी इस सड़क से उड़ती धूल स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रही है इतना ही नहीं जिस पर वाहन दुर पैदल चलने में भी दस बार सोचना और नजर जमाकर चलना होता है ,,नजर चुकी दुर्घटना घटी ,, वाली कहावत इस मार्ग की हर दिन होती घटनाएं इवारत लिख रही है। जबकि यह सड़क को लेकर और भी चर्चा है कि नेशनल हाईवे ने यह सड़क लोकनिर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दी है दुसरी तरफ नगर पंचायत की भी चर्चा है सही स्थिति विभाग के पन्नों से ही पता चलेगा। इस दुर्गति सड़क के निर्माण को लेकर चार दिन पहले ही खबर आई कि सड़क शुक्रवार से सीमेंट कांक्रीट की बनने जा रही है इसका ठेका भी एक स्थानीय ठेकेदार ने लिया है ठेकेदार ने संवधित एजेंसी से शर्त रखी है कि पहले इस मार्ग को बंद कराया जाए जिससे सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जा सके अगर ट्राफिक बंद कर दिया तो टोलटेक्स मालिक सड़क पर आ जाएगा उसको प्रतिदिन लाखों का नुक़सान होगा इससे उस ठेकेदार ने अपना दबाव बनाया हुआ है सड़क जाम नहीं की जाए इस कारण सड़क बनने में देरी हो रही है दुसरा कारण सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए आवश्यक रूप से नाली निर्माण भी होना चाहिए इसमें इस मार्ग का अतिक्रमण हटाया जाना है जिसमें शासन की सांस फूल रही है। देखना यह है कि एस डी एम के नोटिस को संबंधित विभाग और ठेकेदार क्या जबाब देता है जो इस मार्ग को बनाने की राशि विधायक ने स्वीकृत कराई है उसका क्या होगा । सड़क के निर्माण कार्य का जनता को इंतजार है।

एक नजर — 2 वर्ष पहले बागली मुख्यालय से गुवाड़ी तक बनी सड़क पर रिपेयरिंग कार्य हुआ था

6 ग्राम पंचायतों को बागली जनपद मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़कें जर्जर अवस्था में

बागली। 2003 में भारतीय जनता पार्टी खराब सड़क और लगातार विद्युत कटौती की समस्याओं को हल करने के चलते सत्ता पर काबिज हुई इस वर्ष से क्षेत्र में खराब सड़कों को बनाने का कार्य शुरू हुआ। शिवराज सिंह चौहान की दूसरी पारी में 2008 में बागली मुख्यालय से गुवाडी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा दूसरी सड़क बेहरी फाटे से खेड़ा चौपाल तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई। तीसरे कार्यकाल में कैलाश नगर से बड़ पुरा तक सड़क बनाई गई यह सभी सड़के आरंभ में बेहतर बनी और इन सड़कों के माध्यम से बागली मुख्यालय की पश्चिम दिशा की ग्राम पंचायत बेहरी ,धावड़िया, गुवाडी, चार बर्डी ,एवं सेवनिया तथा बड पुरा ग्राम पंचायत से जुड़े 20 से अधिक छोटे-बड़े गांव को जोड़ने का माध्यम बनी वर्तमान में यह सड़के पूरी तरह खुद कर जगह-जगह से उखड़ गई है। विगत 2 वर्ष पहले बागली मुख्यालय से गुवाड़ी तक बनी सड़क पर रिपेयरिंग कार्य हुआ था। लेकिन वर्तमान में वह भी उखड़ गया है। खराब सड़कों के चलते सड़क पर गीट्टी बीखरने से वाहन फिसलते हैं। और टूट फुट भी होती है। अध्यनरत स्कूली छात्र छात्राओं को साइकिल चलाने में भी परेशानी आती है । प्रभावित पंचायत क्षेत्र से जुड़े जनप्रतिनिधि सरपंच राम प्रसाद जाटवा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुरेश मौर्य धावडिया सरपंच तेज सिंह ओसारी चार बर्डी सरपंच मांगीलाल बछानिया बेहरी सरपंच हुकम बछानिया जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कमल मस्कुले आदि ने प्रधानमंत्री सड़क योजना कार्यालय मे पत्र लिखकर इन खराब सड़कों की उचित मरम्मत करने की मांग की है। गौर तलब है कि यह सभी जनप्रतिनिधि सुरक्षित सीटों के चलते निर्वाचित हुए हैं । जिसमें अधिकतर जन प्रतिनिधि आदिवासी समुदाय से हैं। और प्रभावित गांवों में भी नागरिकों की संख्या आदिवासी बाहुल्य होकर लघु किसान के रूप में है। इन्हें बागली मुख्यालय पर प्रतिदिन किसी ने किसी कार्य हेतु आना पड़ता है जिसमें अस्पताल न्यायालय थाना कोर्ट कचहरी जनपद आदि विभागों का कार्य अधिक रहता है।

विधायक का कहना है

खराब सड़कों के विषय में बागली विधायक मुरली भंवरा ने बताया कि उन्होंने दो प्रमुख सड़क जो बागली मुख्यालय से निकलकर गुलाबी मुख्यालय एवं खेड़ा चौपाल पर मिलती है उन सड़कों के विषय में प्रधानमंत्री सड़क योजना कार्यालय पर चर्चा की है 20 वर्ष अवधि पूर्ण होने के बाद उनके नए निर्माण की प्रक्रिया की जाएगी इसके पूर्व संभव मरम्मत के लिए अधिकारी से चर्चा करते हैं।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दो आरोपी दोषी

पॉक्सो कोर्ट सुनाई 3-3 साल की सजा

देवास। पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़, अपहरण और धमकाने के गंभीर मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई में यह भी सामने आया कि आरोपी लगातार पुलिस की झूठी शिकायतें देकर जांच को गुमराह करने का प्रयास करते रहे। चौबाराधिरा, पीपलरवा निवासी 15 वर्षीय नाबालिग ने महिला थाना देवास में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी जगदीश पिता रामसिंह गुर्जर (25) और नवीन पिता अनारसिंह (20) उसके घर में जबरन घुसे और उसके साथ गलत हरकत कर धमकाया। पुलिस ने आयपीसी, पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी जगदीश और नवीन पुलिस को अलगङ्कअलग विषयों पर झूठी और मनगढ़ंत शिकायतें देकर खुद को बचाने की कोशिश करते थे। जांच अधिकारियों ने जब इन शिकायतों की पड़ताल की तो वे बिना किसी आधार के झूठी पाई गईं। विवेचना उपनिरीक्षक पूजा सोलंकी और निरीक्षक सी.एल. कटारे द्वारा की गई। पुलिस ने आरोपी नवीन को 05 दिसंबर 2022 और आरोपी जगदीश को 21 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। चालान 01 मई 2023 को प्रस्तुत किया गया।